पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 19 ◆ रायपुर 05 अप्रैल 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### लोगों की कमाई नौकरी के अवसर बढ़ेंगे और गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी

# 'देश को भड़का रही कांग्रेस', रुद्रपुर में बोले पीएम मोदी, कहा- 10 साल का विकास सिर्फ ट्रेलर है

### देवभूमि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का प्रेम और अपनत्व जग जाहिर है

रुद्रपुर। उत्तराखंड के रुद्रपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। रुद्रपुर में उत्तराखंड के विकास और राज्य को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नीयत सही तो नतीजे भी सही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का प्रेम और अपनत्व जग जाहिर है। हमें उत्तराखंड को विकसित बनाकर सबसे आगे लेकर जाना है। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है।



#### उत्तराखंड का किया जा रहा विकास

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ, वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। तब तक न रुकना है, न थकना है। बीते 10 सालों में उत्तराखंड का जितना विकास हुआ है उतना आजादी के बाद के 60-65 साल में भी नहीं हुआ है।

#### कांग्रेस पर भी बोला हमला

*प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है, अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना तो आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं।*

#### तुष्टिकरण कर रही कांग्रेसः पीएम

*विपक्ष की आलोचना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। लेकिन जब भाजपा सीएए के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है। इसलिए अब वह जनादेश के विरुद्ध लोगों को भड़काने में जुट गई है। कांग्रेस, भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती हैं।*

### विधानसभा अध्यक्ष से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ओपी चौधरी



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मिलने उनके निवास स्थान पहुंचे. इस दौरान मुख्यमंत्री साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।

**स्लिप डिस्क का हुआ था ऑपरेशन**

बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का पिछले दिनों मुंबई में स्लिप डिस्क ऑपरेशन हुआ था. दरअसल विधानसभा चुनाव के बाद से स्लिप डिस्क की समस्या से वे परेशान थे. स्थिति इतनी खराब हो गई थी, कई दिन तक वे बेड पर रहे. बाद में वे वॉकर के सहारे चलना शुरू किए. विधानसभा के बजट सत्र की कार्रवाई में भी वे वॉकर के सहारे सदन मे आते थे. जिसके बाद उन्होंने ऑपरेशन करवाया था

**डॉ0 रमन सिंह 15 साल रहे मुख्यमंत्री**

डॉ0 रमन सिंह बीजेपी के ऐसे नेता हैं, जिन्हें लगातार 15 साल मुख्यमंत्री रहने का मौका मिला. दिसंबर 2003 में वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने थे और दिसंबर 2018 तक इस पद पर रहे. उससे पहले वे राजनांदगांव संसदीय सीट से सांसद बनने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री बने।

# राष्ट्रपति ने घर जाकर आडवाणी को 'भारत रत्न' से किया सम्मानित



नई दिल्ली । बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को रविवार (31 मार्च) को भारत रत्न से सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी के निवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस दौरान सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 10 लोग मौजूद रहे. इस खास मौके पर आडवाणी के परिवार की ओर से भी 10 लोग उपस्थित रहे. कल ही चार शख्सियतों को देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया था. बीजेपी के वरिष्ठ नेता को सम्मान दिए जाने के मौके पर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आडवाणी के घर पर ही मौजूद थे. माना जा रहा है कि घर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम रखने के पीछे का मकसद आडवाणी की सेहत और वृद्धावस्था रही है. पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा के अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी कार्यक्रम में शामिल हुए।





#### चार लोगों को भी मिला भारत रत्न

दरअसल, राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की चार महान हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया. इसमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर, देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव एवं चौधरी चरण सिंह और देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल रहे. इन चारों ही लोगों को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया. सरकार ने सभी को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया था. कार्यक्रम में स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने भारत रत्न सम्मान प्राप्त हासिल किया. देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव पुत्र पीवी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान प्राप्त किया. पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह को दिया गया भारत रत्न उनके पोते जयंत चौधरी ने लिया. देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न से सम्मानित किया गया. उनकी बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह सम्मान प्राप्त किया.

# धान चोरी के आरोप में मिलर्स ने पिटाई की ड्राईवर की

## मामला थाना पहुंचा सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर भी लामबंद हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम खोलवा मे धान व चांवल चोरी करने की बात को लेकर ट्रक ड्राइवर की पिटाई के आरोप मे मिल संचालक तीन लोग के विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोलवा के एक मिल मे गत दिनो ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 4180 मे मिलर्स का धान लोड करके तौल करने धरम कांटा ले जाया जा रहा था इसी दौरान गेट के बाहर गाडी मे रखे हुये धान मे से दो बोरी धान को दो अज्ञात व्यक्ति पीछे से निकालकर भाग खडे हुये जिसे दो अन्य व्यक्तियो ने देख लिया इसके बाद उक्त ट्रक के ड्राइवर रामेश्वर अनंत निवासी साल्हेघोरी तहसील नवागढ जिला बेमेतरा निवासी को पकड़कर मिल के अंदर ले गये और उसके साथ मिलर्स द्वारा मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गालियां देते हुये कहा कि तुम लोग चांवल व धान के चोरी का काम करते हो इस दौरान ड्राइवर की हाथ मुक्का लाठी बेल्ट से मारपीट करते हुये उसके गुप्तांग को भी माचिस से जलाने का प्रयास किया गया घटना के वक्त मिल मे लगे सीसी टीवी कैमरा को बंद कर दिया गया था व रात्रि को उक्त मिलर्स के द्वारा मारपीट की गई साथ हीं ट्रक ड्राइवर का तीन दिन से मोबाईल भी छीनकर रख लिया गया उपरोक्त संबंध मे ट्रक ड्राइवर के साथी प्रेम टोंडेकर, रामराज बघेल, अभिषेक पात्रे व कमलेश पात्रे को भी बुलाकर तुम लोग धान चोरी करते हो कहकर मारपीट किया गया उपरोक्त घटना मे सभी लोगों को चोट पहुंची है इस घटना के बाद ट्रक चालको का एक दल थाना पहुंच गया व मिलर्स के विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की मांग की जिसमे एसडीओपी आशीष अरोरा से मोबाईल द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया तब उनका मोबाईल कवरेज एरिया से बाहर बताया पुलिस ने ट्रक ड्राइवर की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खैरी आर में न्यौता भोज संपन्न

**भाटापारा।** ग्राम खैरी आर मे सिविल कांट्रेक्टर धनंजय पांडे द्वारा मिडिल व प्रायमरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज कराया गया। उपरोक्त न्यौता भोज मे भोजन के अलावा छात्र-छात्राओं को मिष्ठान व फल भी वितरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे संदीप परघनिया, सोनचंद ध्रुव, सुषमा एक्का, अंबिका साहू, मीना तिवारी, सीमा शर्मा, गौरी वर्मा, सावित्री वर्मा, दिनेश ध्रुव व पंकज सोनी सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।



### तहसील साहू समाज के राजेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**भाटापारा।** तहसील साहू संघ के समस्त परिक्षेत्रों एवं तहसील के पदाधिकारियों द्वारा बैठक आहूत कर नगर साहू समाज के सुभाष वार्ड निवासी राजेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तहसील स्तरीय बैठक में तहसील साहू संघ के सभी पदाधिकारियों के साथ सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षगणों की भी उपस्थिती रही जिसमें मुख्य रूप से चौतराम साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ, सचिव घनाराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष खूबीराम साहू, उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू, संयोजक भारत साहू, अंकेक्षक धनेश्वर साहू, सहदेव साहू, तिहारु साहू, कुलेश्वर साहू, केशव साहू सचिव, कोमल साहू कोषाध्यक्ष, भोलाराम साहू, देशीराम साहू, राकेश साहू एवं अन्य वरिष्ठ सामाजिक बंधुओ की उपस्थिती रहीं।



# लमती विद्यालय में होली पर पर्यावरण जागरूकता संदेश



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती से विद्यार्थियों द्वारा इस होली पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने हाथों में पोस्टर लेकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। शिक्षक कन्हैया साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पानी बचाने तथा हरे पेड़ों को न काटने की अपील की। होली के इस पावन पर्व पर पानी के महत्व को समझाते हुये पोस्टर पर छत्तीसगढ़ी में लिखा गया सूक्खा रंग लगाना हे पानी हम ला बचाना हे इसी के साथ हरित पर्यावरण हमारे लिये अत्यंत आवश्यक है। इस बात को रेखांकित करते हुये कहा गया हरियर रुख झन काटहू, छेना होरी मा डारहू विद्यार्थियों ने अपनी पोस्टर में यह भी लिखा था रंग मया के डारहू, झगरा-झंझट ला टारहू साथ ही साथ पानी हे ता जिनगानी हे और पानी हमूँ बचाबो, सूक्खा रंग लगाबो इस तरह प्राथमिक विद्यालय लमती के विद्यार्थियों ने इस रंगपर्व में जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के संदेश खेल-खेल में दिये। इसके लिये मुकेश वर्मा और तिरिथ बाँधे ने सराहनीय भूमिका निभाई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों ने भी इस अनूठे स्वागतयोग्य पहल की प्रशंसा किये।

# कार में आग लगाने के आरोप में चार लोग दबोचे गये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मे होलिका दहन की रात्रि घर के बाहर खडे बलेनो चौपहिया वाहन मे आगजनी किये जाने की घटना का पर्दाफाश करने मे पुलिस को सफ्लता मिली है। उक्त संबंध मे पुलिस सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी अनिरूद्ध शर्मा अपनी ग्रे कलर की बलेनो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 2831 को खडी कर अपने निवास मे आराम फरमा रहे थे इसी दौरान रात्रि 12 बजे उसके पड़ोसी ने उसे जगाकर बताया कि उसके कार मे आग लग गई है जिस पर अनिरूद्ध शर्मा व पड़ोसी मिलकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग की रफ्तार तेज थी फ्लस्वरूप बलेनो कार पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। उक्त घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को ध्यान मे रखते हुये तमाम बिंदुओ से जांच पड़ताल शुरू की साथ हीं कार मालिक अनिरूद्ध शर्मा से उसके पुराने किसी से झगडे के संबंध मे भी जानकारी ली इसके अलावा अनेक सीसी टीवी फूटेज को खंगालने के बाद पुलिस ने कार मे आग लगाने वाले तत्व तक पहुंचने मे सफ्लता हासिल की बताया जाता है ग्राम मोपका जिला बिलासपुर निवासी निलेश डिगसेना तथा ग्राम ढेलवाडीह थाना कटघोरा जिला कोरबा निवासी गौरव खूंटे को पकड़कर पूछताछ किया जिसमे पकड़े गये युवको ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण अनिरूद्ध शर्मा के कार मे आग लगाई गई है। पकडे गये युवको ने बताया कि एक लाल रंग की कार सीजी 10 बीसी 7186 मे सवार होकर निलेश डिगसेना, गौरव खूंटे, कमल गुप्ता एवं राहुल कर्ष पहुंचे व घटना को अंजाम देने के लिये चार मे से दो युवक राहुल कर्ष एवं कमल गुप्ता अनिरूद्ध शर्मा की बलेनो कार मे आग लगाने के काम को अंजाम देने लगे इस दौरान निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे अपने कार मे बैठकर निर्देश देते रहे घटना को अंजाम देने के बाद वे चारो अपने कार मे बैठकर भाग खडे हुये। पुलिस की सूक्ष्म विवेचना व सघन प्रयास से कार मे आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले चारो युवको के विरूद्ध धारा 435, 436, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत पहल, मिल रहे सुखद परिणाम

प्रधानमंत्री की पहल पर देश के नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करने के लिए आई4सी कार्यक्रम चलाया गया है, जिसके सुखद परिणाम देखे जा रहे हैं। आई4सी को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र भी कहा जाता है, जो केंद्रीय गृह मंत्रालय की निगरानी में बना है। वर्ष 2020 में अपनी स्थापना के बाद से इस केंद्र ने देश भर में 4.7 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा कर के 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। इन आंकड़ों से यह तो पता चलता ही है कि भारत साइबर अपराधों को रोकने में कितना सफल हुआ है, यह भी स्पष्ट होता है कि 2020 के बाद से दर्ज मामलों की संख्या में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बचाई गई धनराशि में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र अब गति पकड़ चुका है। ऐसे समय में, जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है, मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली का काफी महत्व है। जब तक देश खुद को साइबर-अनुकूल राष्ट्र के रूप में स्थापित नहीं कर लेता, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक भाषण में कहा भी था-साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का विषय है। भारत के सामने साइबर सुरक्षा की बड़ी चुनौती है। जब भारत ने जी-20 की वेबसाइट लॉन्च किया था, तो हैकरों द्वारा प्रति मिनट 16 लाख हमले हुए थे और भारत इनसे बचाव करने में सफल रहा था। जी-20 शिखर सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा भी था- हालांकि, प्रौद्योगिकी मनुष्यों, समुदायों और देशों को करीब लाने की दिशा में एक सकारात्मक विकास है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें प्रौद्योगिकी का उपयोग नागरिकों और सरकारों को आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही हैं। इसलिए यह सम्मेलन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह डिजिटल दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की समन्वित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल हो सकता है। गृहमंत्री अक्सर कहते रहे हैं कि, आतंकवाद, आतंक के वित्तपोषण, कट्टरपंथ, सहित नई और उभरती, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है। केंद्र सरकार ने एक समान साइबर रणनीति की रूपरेखा तैयार करने, साइबर अपराधों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग करने, एलईए क्षमता का निर्माण करने, विश्लेषणात्मक उपकरण बनाने, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित करने, साइबर स्वच्छता सुनिश्चित करने और हर नागरिक तक साइबर जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया है। देश में शुरू की गई सेफ सिटी परियोजना ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक कमांड सेंटर प्रदान करती है। देश में जो तीन नए आपराधिक कानून बने हैं, उनमें भी साइबर अपराधियों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले कानूनों की खामियों को लगभग समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। अपराधी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए गए डिजिटल उपकरणों को अब सबूत के रूप में मान्यता दे दी गई है। जांच एजेंसियों को सशक्त बनाते हुए देश के सभी पुलिस स्टेशनों में क्राइम ऐंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क ऐंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) लागू किया गया है। भारतीय साइबर-अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के जरिये साइबर अपराध के खिलाफ एक समन्वित और व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित हो सकती है। आई4सी साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके कारण प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में न सिर्फ सुधार हुआ है, बल्कि साइबर अपराध से निपटने के लिए जरूरी क्षमता भी हासिल हो गई है।



**'आई4सी' के कारण प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में न सिर्फ सुधार हुआ है, बल्कि यह साइबर अपराध से निपटने में भी सक्षम है।**

रूपाली मेहरा

# 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' को साकार करने में सफल रहे रणदीप हुड्डा

***स्वातंत्र्यवीर सावरकर पर रणदीप हुड्डा ने बेहतरीन फिल्म बनाई है। सच कहूं तो यह फिल्म से कहीं अधिक है। सिनेमा का पर्दा जब रोशन होता है तो आपको इतिहास के उस हिस्से में ले जाता है, जिसको साजिश के तहत अंधकार में रखा गया। भारत की स्वतंत्रता के लिए हमारे नायकों ने क्या कीमत चुकाई है, यह आपको फिल्म के पहले फ्रेम से लेकर आखिरी फ्रेम तक में दिखेगा। अच्छी बात यह है कि रणदीप हुड्डा ने उन सब प्रश्नों पर भी बेबाकी से बात की है, जिनको लेकर कम्युनिस्ट तानाशाह लेनिन-स्टालिन की औलादें भारत माता के सच्चे सपूत की छवि पर आघात करती हैं। कथित माफीनामे से लेकर 60 रुपए पेंशन तक, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर फिल्म में दिया गया है।***

वीर सावरकर जन्मजात देशभक्त थे। चाफेकर बंधुओं के बलिदान पर किशोरवय में ही वीर सावरकर ने अपनी कुलदेवी अष्टभुजा भवानी के सामने भारत की स्वतंत्रता का संकल्प लिया। अपने संकल्प को साकार करने के लिए किशोरवय में ही 'मित्र मेला' जैसा संगठन प्रारंभ किया। क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' की नींव रखी। विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। अंग्रेजों को उनकी ही भाषा में उत्तर देने के लिए लंदन जाकर वकालत की पढ़ाई की। हालांकि क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजों ने उन्हें डिग्री नहीं दी। ब्रिटिश शासन के घर 'लंदन' में किस प्रकार वीर सावरकर ने अंग्रेजों को चुनौती दी, इसकी झलक भी फिल्म में दिखाई देती है। निस्संदेह, वीर सावरकर के महान व्यक्तित्व के संबंध में फिल्म न्याय करने में सफल हुई है।

एक और अच्छी बात निर्माता-निर्देशक ने स्थापित की है कि वैचारिक या सैद्धांतिक मतभेद होने के बाद भी बड़े नेता एक- दूसरे का सम्मान करते थे। जो लोग यह स्थापित करने की कोशिश करते हैं कि वीर सावरकर महात्मा गांधी के विरोधी थे, उनको अवश्य ही यह पता होना चाहिए कि दोनों की सोच अवश्य भिन्न थी लेकिन दोनों एक- दूसरे के विरोधी नहीं थे। महात्मा गांधी ने तो यहां स्वीकार किया कि वीर सावरकर ने मुझसे कहीं पहले ब्रिटिश शासन की बुराइयों को देख लिया था। गांधीजी ने सावरकर बंधुओं को भारत माता का सपूत भी कहा और कालापानी से उनकी मुक्ति के लिए आवाज भी उठाई। वीर सावरकर भी स्पष्ट कहते हैं कि वे गांधीजी के विरोधी नहीं, बल्कि उनकी अहिंसा की नीति के विरोधी हैं। महात्मा गांधीजी ने अस्पृश्यता को समाप्त करने के जो प्रयत्न प्रारंभ किए, वैसे प्रयत्न प्रभावी ढंग से स्वातंर्त्यवीर सावरकर ने भी किए। उस समय अछूत कहे जानेवाले बंधुओं को मंदिर में प्रवेश दिलाना, अछूत को पुजारी बनाना, सामूहिक सहभोज के आयोजन, जबरन या धूर्तता से मुस्लिम बनाए गए हिंदुओं की घर वापसी, अंधविश्वास को दूर करना और राष्ट्रीयता की भावना को पुष्ट करना, जैसे अनेक नवाचार वीर सावरकर ने कालापानी से बाहर आकर किए। इन सबकी झलक फिल्म में भी देखने को मिलती है। सरदार भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, मदनलाल ढींगरा, लाला हरदयाल, मैडम भीखाजी कामा और श्यामजी कृष्ण वर्मा सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के साथ संबंधों को भी फिल्म में दिखाया गया है।

कलाकारों ने अद्भुत काम किया है। एकङ्कएक पात्र को जीवंत किया है। विशेषकर रणदीप हुड्डा ने स्वातंर्त्यवीर सावरकर को पर्दे पर साकार कर दिया। हुड्डा अपने अभिनय से वीर सावरकर के साथ एकाकार होते हुए दिखे। कालापानी के वेदना से भरे दृश्य हों या फिर अपने घर भाईयों के साथ आत्मीय पल, सबको बखूबी दिखाया गया है। कालापानी में जब वे अपने भाई बाबाराव सावरकर (गणेश सावरकर) से मिलते हैं, तब जो भावङ्कभंगिमा उनके चेहरे पर दिखती है, वह दर्शकों की आंखों में आसूं लाने में सक्षम है। वीर सावरकर के बड़े भाई की भूमिका में अमित सियाल का अभिनय बहुत प्रभावी रहा है। फिल्म 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' पहले दृश्य से लेकर आखिरी दृश्य तक दर्शकों को बांधकर रखती है। अनेक प्रश्नों के उत्तर देती है तो कई प्रश्न पैदा भी करती है। फिल्म के आखिर में वीर सावरकर कहते हैं जब बापू पर दस दिन पहले भी हमला हुआ था तो सरकार ने उनकी सुरक्षा के बंदोबस्त क्यों नहीं किए? यह प्रश्न अक्सर मैं भी उठता हूं, लेकिन आज तक किसी ने इसका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया है। वरिष्ठ पत्रकार प्रखर श्रीवास्तव की पुस्तक 'हे राम' पढ़कर यह प्रश्न और गहरा हो जाता है। पुस्तक से स्मरण आता है कि स्वातंर्त्यवीर सावरकर द्वारा लिखी पुस्तक '1857 का स्वातंर्त्य समर' को क्रांतिकारी क्रांति की श्रीमद् भगवदगीता मानते थे। उस पुस्तक को नेताजी सुभाषचंद्र बोस से लेकर सरदार भगत सिंह तक ने प्रकाशित कराया और प्रसारित किया था। स्मरण रहे कि सरदार भगत सिंह तो जेल में भी वीर सावरकर के साहित्य का न केवल अध्ययन कर रहे थे अपितु उनकी पुस्तकों से नोट्स भी ले रहे थे। इस संदर्भ में उनकी जेल डायरी पढ़नी चाहिए, जिसमें वीर सावरकर की 'हिंदू पदपदशाही' पुस्तक के नोट्स पढ़े जा सकते हैं। वीर सावरकर की यह पुस्तक छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज्य पर केंद्रित है।

बहरहाल, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। इतिहास के अनकहे किस्सों की जानकारी देने के साथ ही यह फिल्म इतिहास को देखने की नई दृष्टि भी देती है। फिल्म देखने के बाद आपको यह भी ध्यान आएगा कि क्यों सत्ता द्वारा पोषित साहित्यकारों एवं इतिहासकारों ने भारत के नायकों के साथ न्याय नहीं किया? किस हेतु से कुछ नायकों के संबंध में भ्रम खड़े करने के प्रयास किए गए। आईएमडी पर फिल्म को जबरदस्त सराहना मिली है। फिल्म समीक्षकों ने भी खुलकर 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' की प्रशंसा की है। फिल्म का निर्देशन पहले महेश मांजरेकर कर रहे थे, लेकिन रणदीप हुड्डा के साथ वैचारिक मतभेद के कारण मांजरेकर ने फिल्म निर्माण से अपने हाथ पीछे खींच लिए। यह भी कह सकते हैं कि स्वातंर्त्यवीर सावरकर नाम की आग में झुलसने का डर उनके मन में बैठ गया होगा। बहरहाल, वीर सावरकर के व्यक्तित्व का इतना गहरा प्रभाव रणदीप हुड्डा पर पड़ा कि उन्होंने स्वयं ही निर्देशक की कमान संभालकर इतिहास रचने की ठान ली। रणदीप हुड्डा की निर्देशक के रूप में भले ही यह पहली फिल्म है, लेकिन जिस भव्य तरीके और गहराई के साथ उन्होंने 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' को प्रस्तुत किया है, उसके लिए उनकी जितनी सराहना की जाए कम है।



लोकेन्द्र सिंह
लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार

# मंडी शुल्क में शासन ने की भारी कमी, करदाताओं में हर्ष की लहर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** छत्तीसगढ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रोद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव डॉ.सारांस मित्तर के आदेशानुसार छत्तीसगढ कृषि उपज मंडी अधिनियम की धारा 1972 के तहत मंडी शुल्क के निर्धारित राशि मे संशोधन करते हुये मंडी उपज के प्रसंस्करण विनिर्माण के विक्रय किये जाने पर कीमत के प्रत्येक सौ रूपये पर पन्द्रह रूपये की दर से मंडी शुल्क और 0.5 रूपये की दर से कृषक कल्याण शुल्क तथा शेष अधिसूचित कृषि उपजों धान को छोड़कर 1 रूपये की दर से मंडी शुल्क और 0.5 रूपये की दर से कृषक कल्याण शुल्क नियत किया गया है। इस प्रकार भाटापारा मंडी मे अब आने वाले धान पर एक रूपये पचास पैसे मंडी शुल्क पचास पैसे कृषक कल्याण शुल्क व बीस पैसे निराश्रित शुल्क वसूल किया जायेगा। इसके पहले तीन रूपये मंडी शुल्क दो रूपये कृषक कल्याण शुल्क व बीस पैसे निराश्रित शुल्क वसूल किया जाता रहा है इस प्रकार शासन ने मंडी मे कारोबार करने वाले लोगों को टैक्स से राहत देते हुये नये टैक्स प्रक्रिया का निर्धारण किया है। कुछ इसी तरह मंडी प्रांगण मे आने वाले उन्हारी उपज व अन्य उपजों पर भी निर्णय लिया गया है। जिसके तहत अब उन्हारी उपज पर मात्र एक रूपये मंडी शुल्क पचास पैसे कृषक कल्याण शुल्क तथा बीस पैसे निराश्रित शुल्क वसूल किये जायेंगे। शासन के इस निर्णय से मंडी परिसर मे कारोबार करने वालो को भारी राहत की प्राप्ति होगी।

## नवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्र में भव्य पैमाने पर तैयारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** चौत नवरात्रि पर्व आगामी 9 अप्रेल से प्रारंभ हो रहा है नवरात्रि पर्व का समापन 17 अप्रेल को होगा इसको लेकर शहर व क्षेत्र के अनेक ऐतिहासिक व प्राचीन मंदिर व देवालय मे प्रारंभिक तैयारी जारी है क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के मावली माता मंदिर सिंगारपुर एवं महामाया माता तरेंगा मे चौत्र नवरात्रि पर्व को लेकर रंग रोगन व साज सज्जा का कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं नवरात्रि पर्व पर हजारो की संख्या मे किये जाने वाले ज्योति प्रज्जवलन के लिये भी बडी तादाद मे श्रद्धालु भक्त अपना पंजीयन करा रहे है इसी प्रकार कालेज गेट के पास स्थित प्राचीन शीतला मंदिर, हथनीपारा स्थित शीतला मंदिर, माता देवालय वार्ड स्थित माता देवालय शीतला मंदिर, नेहरू वार्ड शीतला मंदिर, सिद्ध बाबा स्थित काली मंदिर, अघोरपीठ, सुभाष बाजार के सामने स्थित शीतला मंदिर तथा निकटवर्ती मदकूद्वीप, जोगीद्वीप गुर्रा एवं रामपुर सहित अन्य मंदिर व देवालय मे नवरात्रि पर्व को लेकर पूरे जोर शोर से तैयारी जारी है नवरात्रि पर्व पर देवी स्थल की ओर जाने के लिये हजारो श्रद्धालु अभी से विभिन्न ट्रेनो मे अपना सीट आरक्षण करा रहे है वहीं सैकड़ो श्रद्धालु परिवार व दोस्त यारो के साथ धर्म स्थल की ओर सड़क मार्ग से जाने के लिये चौपहिया वाहनो की बुकिंग अग्रिम रूप से करा रहे है। श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था जम्मू कटरा, वैष्णो देवी, मल्हार मस्तुरी, मैहर, चौतुरगढ, रतनपुर, डोंगरगढ, खल्लारी, बागबाहरा, दंतेश्वरी दंतेवाड़ा, चंन्द्रहासिनी चंन्द्रपुर, चंपारण, जतमई, घटारानी, तुरतुरिया व भद्रकाली सिद्धी माता बेमेतरा सहित देवी स्थल की ओर जाने के लिये बडे पैमाने पर तैयारी कर रहे है।



## कांग्रेस भवन में होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय कांग्रेस भवन मे कांग्रेस का होली मिलन कार्यक्रम उल्लासपूर्ण वातावरण मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव स्वयं नगाड़ा वादन करने उपस्थित हुये। उक्त अवसर पर बसंत भृगु, चंन्द्रशेखर चक्रधारी, मुकेश साहू, अययुब बांठिया, आलोक मिश्रा, ईश्वर सिंग ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, गोपाल शर्मा, सतरूपा वर्मा, शैली भांटिया, त्रिलोक सलूजा, दीपक निर्मलकर, अमृत साहू, धनंजय तिवारी, देवनारायण बांधे, कुबेर यदू, लालू मानिकपुरी, शैलेन्द्र अहिरवार, दानी भाट, अशोक ध्रुव व अरूण यदू सहित बडी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा में होली पर्व शांति पूर्वक मनाया गया

**भाटापारा।** शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र मे छिटपुट घटना को छोड़कर होली पर्व शांति पूर्वक मनाई गई। पुलिस प्रशासन की भूमिका काफी सराहनीय रहीं शहर थाना व ग्रामीण थाना की पुलिस ने एसडीओपी आशीष अरोरा, शहर थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे व ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले के नेतृत्व मे होली पर्व के पूर्व नगर मे भ्रमण कर असामाजिक तत्वों को यह संदेश दिया कि पुलिस किसी भी असामाजिक कार्यो को बर्दाश्त नहीं करेगी। होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने पुलिस ने कई गश्ती दल बनाये थे जिन्होने पूरे क्षेत्र मे भ्रमण कर होली शांति पूर्वक मनाने अपनी सराहनीय भूमिका पूर्ण किया।

### भाटापारा के न्यायाधीशों के तबादले



**भाटापारा।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय मे पदस्थ एडिशनल डिस्ट्रीक्ट एवं सेशन जज शेख अशरफका तबादला दुर्ग न्यायालय मे किया गया है। वहीं श्रीमती किरण त्रिपाठी एडिशन डिस्ट्रीक्ट एवं सेशन जज पास्को का तबादला बिलासपुर न्यायालय किया गया है। उक्त दोनो न्यायाधीशों के तबादले के बाद उनके स्थान पर स्मिता रतनावत को एडिशनल डिस्ट्रीक्ट जज पास्को के रूप मे भाटापारा पदस्थ किया गया है वे बिलासपुर से भाटापारा आयेंगी वहीं एडिशनल डिस्ट्रीक्ट एंड सेशन जज के रूप मे सतीश कुमार जायसवाल को दुर्ग से भाटापारा स्थानांतरित किया गया है। शेख अशरफएवं श्रीमती किरण त्रिपाठी के तबादले पर गत दिनो बिदाई समारोह का आयोजन अधिवक्ता संघ की स्थानीय इकाई द्वारा भावपूर्ण बिदाई दी गई जिसमे न्याजी खान, अनिल मिश्रा, सुरेश यदू, मनीष यादव, नरेन्द्र यदू, हेमंत साहू व अंजू साहू सहित बडी संख्या मे अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### स्टार प्रचारक बने शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** आगामी लोकसभा चुनाव मे छत्तीसगढ राज्य की 11 लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से स्टार प्रचारक के रूप मे शिवरतन शर्मा को शामिल किया गया है। उक्त स्टार प्रचारको मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जगत प्रसाद नडडा, राजनाथ सिंग, अमित शाह, नितीन गडकरी, स्मृति ईरानी, योगी आदित्यनाथ, हेमा मालिनी के साथ अन्य प्रमुख स्टार प्रचारक शामिल है। भाटापारा के शिवरतन शर्मा को स्टार प्रचारक बनाये जाने पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सुनील यदू, परस देवांगन, राजा कामनानी, मनेन्द्र सिग गुम्बर, आयशा खान, विपिन, पुरोहित, मनमोहन धुरंधर, संजय, शुक्ला, संदीप, गोयल, संदीप अग्रवाल, निखिल उपाध्याय, पवन वर्मा, आशीष जायसवाल, पुरूषोत्तम यदू, व्यासा यदू व गोविंद पटेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।



### लोकसभा चुनाव में मतदाता फोटो के अलावा अन्य विकल्प की अनुमति

**भाटापारा।** आगामी लोकसभा चुनाव मे मतदाता अपने फ़ोटो पहचान पत्र के अलावा मतदान स्थल पर अपने ड्रायविंग लाइसेंस, फ़ोटो लगे बैंक पासबुक तथा डाकघर द्वारा जारी फ़ोटो लगे पासबुक के अलावा एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, फ़ोटो युक्त पेंशन दस्तावेज सहित दिव्यांग मतदाता डिस्बेलिटी आई डी कार्ड के जरिये मतदान कर सकेंगे। मतदान केन्द्र मे मूल पास पोर्ट तथा अन्य कोई पहचान जो जारी किया गया है। उसकी मूल कॉपी व दस्तावेज के आधार पर हीं मतदान के अनुमति प्राप्त होंगे।

# विकासखण्ड स्तरीय खिलौना आधारित प्रशिक्षण संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। गत दिनो बीआरसी कार्यालय मे खिलौना आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लाक के 135 शिक्षक शिक्षिकाओं को खिलौना शिक्षण शास्त्र के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया।



उक्त प्रशिक्षण मे कन्हैया साहू, अभिलाषा शर्मा, प्रभा मरावी, मीना सोनी व प्रमोद वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। उपरोक्त अवसर पर बीआरसी लेखराम साहू व बीईओ राम जी पाल का मार्गदर्शन प्रशिक्षण मे उपस्थित लोगों को प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के दौरान अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के नासिर सिद्दकी ने भी आवश्यक जानकारी साझा की। प्रशिक्षण मे उपस्थित लोगों के बीच आवश्यक एवं उपयोगी खिलौना का निर्माण कराकर प्रदर्शन कराया गया।

135 शिक्षक शिक्षिकाओं को खिलौना शिक्षण शास्त्र के अंतर्गत प्रशिक्षण

# नगाड़ों के थाप के बीच बुजुर्ग भी नाचने विवश हुये




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा सुभाष बाजार स्थित भवन मे होली मिलन का रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया विभिन्न गांव से आमंत्रित 21 नगाड़ा वादको ने वृद्धजनो को भी नगाड़े की थाप पर नाचने विवश कर दिया। उक्त कार्यक्रम मे जामवंत वर्मा, हलधर वर्मा, तारण सिंग ठाकुर, डोमार सिंग, वीर वर, रामकृष्ण साहू, बेनाम चन्द्राकर, कमल नारायण यदू, आशाराम अनंत, रघुनाथ पटेल, दिलीप बिसेन, नंदलाल बाजपाई, दीपक मिश्रा, लक्ष्मी मारकंडे, परेटन साहू, प्रकाश जाधव, संतराम साव, सेवक दास हेंवार, गनपत वर्मा, एचएल महिपाल, गणेश वर्मा, रमेश वर्मा, शिव वर्मा, रामू यादव, रामदुलारी उपाध्याय, खेम ध्रुव, पंचराम वर्मा, एनके यदू व गणेशराम साहू सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे तोरण साहू विशेष रूप से शामिल हुये।

# भाजपाईयों के साथ बैठे बृजमोहन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम तरेंगा हाई स्कूल के पास ग्रामीण स्तरीय बैठक हुई जिसमें बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, सतीश सोनी, परस देवांगन व सरपंच शांति आडिल सामिल हुये। बैठक में शामिल होने वाले सदस्यों के नाम रविंद्र निषाद, हरिचरण यदु, छन्नू साहू, डिग साहू, धनेश साहू, देवनाथ यदु व बलदाऊनी निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

# नवरात्रि के दौरान मावली मंदिर परिसर में अनेक कार्यक्रम होंगे



**भाटापारा।** शहर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम सिंगारपुर के प्रसिद्ध मांवली माता मंदिर मे चौत्र नवरात्रि पर्व 9 अप्रेल से 17 अप्रेल तक मनाया जायेगा इस दौरान मंदिर परिसर मे भजन कीर्तन संत सम्मेलन रामलीला, कृष्णलीला तथा देवी जसगीत के साथ झांकी का प्रदर्शन एवं छत्तीसगढ की लोककला, लोकगीत, लोकनृत्य के साथ साथ अनेक मनोरंजक कार्यक्रम शिक्षाप्रद, धार्मिक, सामाजिक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जायेगी। उक्ताशय की जानकारी लोक गायक ललित सिंग ठाकुर ने दी है।

# कन्हैया चिन्मय अलंकरण राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**भाटापारा।** भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य मे डॉ. कन्हैया साहू को चिन्मय अलंकरण राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक छत्तीसगढ़ सकल दिगम्बर जैन समाज चिन्मय सागर चौरिटेबल ट्रस्ट थे। इस गरिमामय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन मंडी रोड़ स्थित मंगल भवन में रखा गया। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के लगभग 250 शिक्षकों सम्मान प्राप्ति हेतु आवेदन सह पंजीयन कराये थे। इस राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के सर्वप्रथम नगर के निवासी शिक्षक डॉ. कन्हैया साहू को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ। कन्हैया साहू एक शिक्षक के साथ-साथ कुशल चित्रकार और साहित्यकार भी हैं। चिन्मय सागर चौरिटेबल ट्रस्ट के ओर से आयोजनकर्ता के रूप में प्रकाश मोदी, सुमनलता मोदी, आलोक मोदी, अभिषेक मोदी व रजनीश जैन आदि उपस्थित थे।



# 23 मार्च बलिदान दिवस के अवसर पर एक दिया शहीदों के नाम दीपांजलि गौरव स्थल में



**राजनांदगांव।** बलिदान दिवस पर एक दिया शहीदों के नाम दीपांजलि अर्पित की गई गायत्री परिवार के युवा संगठन (दीया), मां गायत्री दिया मंडल के समन्वयक योगेश साहू द्वारा विगत कई वर्षों से 23 मार्च बलिदान दिवस पर एक दीप शहीदों के नाम का आयोजन किया जा रहा है मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के समन्वय योगेश साहू, सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं पंकज गुप्ता, महेश शर्मा ने बताया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वस्व अर्पित करने वाले शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर राजनांदगांव संस्कारधानी के गौरव स्थल में 23 मार्च संध्या 7:00 बजे एक दिया शहीदों के नाम से दीपांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की जय घोष ,वीर बलिदानी अमर रहे से हुआ मुख्य अतिथि श्री राजेश शर्मा अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश ठाकुर शनि धाम परिवार ने की छोटे नन्हे बच्चे संचित खंडेलवाल अन्य बच्चों ने अपने नन्हे हाथों में तिरंगा उठाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदानियों ने अपना सर्वस्व अर्पण किया हमारी आने वाली पीढ़ी के बच्चों को एवं युवाओं को बलिदानियों की गाथाओं को पढ़ाया जाना चाहिए अध्यक्षता कर रहे राकेश ठाकुर ने कहा कि यह दीपांजलि आयोजन सभी के लिए प्रेरणाप्रद है वीर बलिदानियों के त्याग से हमें प्रेरणा मिलती है विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा गुप्ता ने कहा कि मातृभूमि को नमन बलिदानियों को नमन आज नन्हे बच्चों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को सार्थक कर दिया। बच्चों ने दीप जलाकर दीपांजलि अर्पित कि और इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों बाल रत्न मंच सेवा समिति, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन, सनातन धर्म सेवा परिवार, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ,शनि धाम सेवा परिवार, पर्यावरण संरक्षण,स्वामी विवेकानंद युवा संगठन, प्रेस क्लब, जीवनदान संस्था, विश्व ब्राह्मण महिला मंडल एवं अन्य संस्थाओं ने सहभागिता निभाई दीपांजलि आयोजन में रामअवतार जोशी, सौरभ खंडेलवाल, पंकज गुप्ता, मनीष यादव ऋषि सीन्हा, लीलेश्वर देवांगन, गंगा दास साहू, कैलाश गुप्ता ,महेश शर्मा, संतोष पटाक, सूरज गुप्ता, मौसमी शर्मा ममता शर्मा , रोशनी रायचा प्रतिमा वासनिक माया शर्मा सभी उपस्थित संस्कारधानी जनों ने हाथों में दीप लेकर वीर बलिदानियों को दीपांजलि अर्पित की कार्यक्रम का संचालन मां गायत्री दिया मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने किया आभार मौसमी शर्मा द्वारा किया गया ।




## संक्षिप्त समाचार

# महासती मंदिर परिसर में सुंदर भजन के बीच फाग गीत



**भाटापारा।** महासती मंदिर स्थित कृष्ण राधा दरबार मे रंग पंचमी पर भव्य भजन व फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बडी संख्या मे महिलाओं ने उपस्थित होकर अबीर गुलाल, पलाश गुलाल एवं गेंदा फूल की होली खेलकर जश्न मनाया। इस दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था कार्यक्रम के पश्चात भव्य आरती हुई तत्पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्ताशय की जानकारी समाजसेवी नरेश अग्रवाल ने दी है।

# कराते प्रतियोगिता के लिये चयनित खिलाड़ी जायेंगे दुर्ग



**भाटापारा।** स्थानीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण मे कराते प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन करने हेतु प्रतिस्पर्धी शामिल हुये। जिसमे कसडोल, पलारी, सिमगा, बलौदाबाजार व भाटापारा के लगभग 320 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। उक्त खिलाड़ियों मे से चयनित खिलाड़ी आगामी 6 व 7 अप्रेल को दुर्ग मे होने वाले राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता मे भाग लेने जायेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम मे रिषभ चौहान, आलोक गुप्ता, योगिताबाली खापर्डे, डॉ.अरूण छाबड़ा, जास्मीन अफ्रोज, दिनेश साहू, नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, विक्रम चौहान, महेश राजपूत, हर्ष देवांगन, धनंजय पांडे, शुभ संकल्प यदू, रिचा यादव, छाया बंजारे, नीलम ध्रुव, गौतमी वैष्णव, नीलू साहू, विपिन साहू, शालू तिवारी, पीहू तिवारी, निशू तिवारी, श्रुति बंजारे, नीरज ध्रुव, होरीलाल साहू, तेजकुमार साहू, सुरेश वर्मा, शेखर वर्मा व पंकज ध्रुव सहित अन्य लोग बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# खाटू श्याम की विशाल निशान यात्रा निकली



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय महासती मंदिर से बुधवार को शाम विशाल निशान यात्रा खाटू श्याम की निकाली गई जो प्रमुख मार्गो के भ्रमण पश्चात नारायणी नवल धाम पहुंची। उक्त यात्रा मे राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण जोशी, प्रदीप शर्मा, राजेश शर्मा, राजेश बालाजी, लल्लू शर्मा, रतन शर्मा, श्याम शर्मा, राजा शर्मा, नेम तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राधाकिशन अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संदीप गोयल, अजय अग्रवाल, नंदकिशोर गोयल, राधे शर्मा, सोनल सिंघानिया, गोपाल अग्रवाल, सतीश भूषाणिया व राहुल ओझा सहित बडी संख्या मे अन्य लोग शामिल थे।

**छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती 28 मार्च -फाल्गुन मास (अमावस्यांत) कृष्ण पक्ष तृतीया**


# स्वदेशी के महत्व को बताता है छत्रपति का जीवन

छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म शिवनेरी दुर्ग में फाल्गुन मास (अमावस्यांत) कृष्ण पक्ष तृतीया / चैत्र (पूर्णिमांत) कृष्ण पक्ष तृतीया को संवत्सर 1551 में हुआ। ग्रेगोरियन कैलेंडर में यह दिनांक 19 फरवरी, 1630 होती है। चूँकि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन 'स्व' की स्थापना को समर्पित रहा, इसलिए सही अर्थों में उनकी जयंती भारतीय पंचाग के अनुसार मनायी जानी चाहिए। स्मरण रहे कि चारों ओर जब पराधीनता का गहन अंधकार छाया था, तब छत्रपति शिवाजी महाराज प्रखर सूर्य की भाँति हिन्दुस्तान के आसमान पर चमके थे।



## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर विशेष

'हिन्दवी स्वराज्य' की स्थापना करके उन्होंने वह करके दिखा दिया, जिसकी कल्पना करना भी उस समय कठिन था। शिवाजी महाराज ऐसे नायक हैं, जिन्होंने मुगलों और पुर्तगीज से लेकर अंग्रेजों तक, स्वराज्य के लिए युद्ध किया। भारत के बड़े भू-भाग को आक्रांताओं के चंगुल से मुक्त कराकर, वहाँ 'स्वराज्य' का विस्तार किया। जन-जन के मन में 'स्वराज्य' का भाव जगाकर शिवाजी महाराज ने समाज को आत्मदैन्य की परिस्थिति से बाहर निकाला। 'स्वराज्य' के प्रति समाज को जागृत करने के साथ ही उन्होंने ऐसे राज्य की नींव रखी, जो भारतीय जीवनमूल्यों से ओतप्रोत था। शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की व्यवस्थाएं खड़ी करते समय 'स्व' को उनके मूल में रखा। 'स्व' पर आधारित व्यवस्थाओं से वास्तविक 'स्वराज्य' को स्थापित किया जा सकता है।



छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ली जा सकती है। महाराज की जीवनयात्रा एवं उनके द्वारा स्थापित 'हिन्दवी स्वराज्य' की संकल्पना का स्मरण वर्तमान परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रेरणास्पद है क्योंकि नया भारत भी अपनी पहचान 'स्व' के आधार पर बना रहा है। याद रखें कि छत्रपति शिवाजी महाराज राजसी वैभव को भोगने के लिए नहीं अपितु धर्म एवं संस्कृति के रक्षा हेतु 'स्व' आधारित राज्य की स्थापना की। उन्होंने 'स्वराज्य' का विचार दिया तो यह नहीं कहा कि यह मेरा मत है, मेरी अभिलाषा है, अपितु उन्होंने यह विश्वास जगाया कि 'स्वराज्य की स्थापना श्री की इच्छा है'। स्वराज्य स्थापना के समय अष्टप्रधान मंडल की रचना, फारसी और अरबी भाषा के शब्दों को हटाकर संस्कृतनिष्ठ एवं मराठी शब्दों के प्रचलन पर जोर देते हुए 'राज्य व्यवहार कोश' का निर्माण, कालगणना हेतु श्रीराजाभिषेक शक का प्रारम्भ, संस्कृत राजमुद्रा का उपयोग, प्रशासनिक व्यवस्था, कृषि एवं श्रम सुधार, सामाजिक उत्थान, न्याय व्यवस्था, तकनीक और विज्ञान में भी 'स्व' के आधार पर नवाचारों को प्रधानता देकर छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' के आदर्श को प्रतिपादित किया। महाराज को भारतीय नौसेना का पितामह कहा जाता है। उन्होंने समुद्री सीमाओं का महत्व समझा और भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नौसेना का विकास किया। स्वदेशी नौकाएं विकसित की। प्रारंभ में पुर्तगाली, फ्रांस और ब्रिटेन के नौसेना अधिकारियों ने शिवाजी महाराज के निर्देशन में तैयार लड़ाकू नौकाओं/जहाजों का उपहास उड़ाया लेकिन जब उन्हीं 'संगमेश्वरी' जहाजों ने समुद्र में लड़े गए युद्धों में पुर्तगीज और ब्रिटेन की नौसेना के विशालकाय जहाजों को खारे पानी में गोते लगावा दिए। सेना में तोपखाने के महत्व को समझकर उन्होंने स्वदेशी तोपे तैयार करायी। यानी जो कुछ भी स्वराज्य को शक्ति सम्पन्न और समृद्ध बनाने के लिए आवश्यकता था, उसको न केवल उन्होंने स्वीकार किया अपितु उसको स्वदेशी आधार पर विकसित किया। तकनीक और कौशल के लिए कभी वे बाह्य ताकतों पर आश्रित नहीं रहे।

भारतीय संस्कृति एवं इतिहास में रुचि रखनेवाले युवाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन का अध्ययन करने के साथ ही उनके द्वारा स्थापित किलों का दर्शन करने के लिए भी समय निकालना चाहिए। हिन्दवी स्वराज्य का एक-एक दुर्ग आपको 'स्वराज्य' की कहानी सुनाएगा। दुर्गों के दीवारों एवं बुर्जों से केवल साहस और पराक्रम की कहानियां सुनने को ही नहीं मिलेंगी अपितु अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, समर्पण, देशभक्ति, निष्ठा और कल्याणकारी राज्य के अनूठे किस्से भी जानने को मिलेंगे।



- लोकेन्द्र सिंह

### भाटापारा में वायु एवं जल प्रदूषण बढने से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है

# औद्यौगिक संस्थान निर्धारित मापदंण्ड का पालन नहीं कर रहे हैं हरियाली गायब

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। इन दिनो भाटापारा क्षेत्र मे वायु एवं जल प्रदूषण तेजी से बढ रहा है शहर के भीतर व शहर सीमा से लगे गांवो मे लगातार बिना किसी निर्धारित मापदंण्ड के विभिन्न किस्म के अनेक औद्योगिक संस्थान स्थापित किये जाने के कारण शहर व क्षेत्र मे प्रदूषण का मानक बढ गया है



शहर के भीतर के साथ साथ निकट के गांव सिद्ध बाबा धौराभांठा, खोखली, सेमरिया, बोड़तरा, सिनोधा, सोनबरसा, दतरेंगा, सूरजपुरा, सुरखी, खोलवा, पेन्ड्री, दतरेंगी, टिकुलिया व ढाबाडीह सहित अन्य गांव मे सघन औद्योगिक संस्थान स्थापित हो जाने से शहर के साथ साथ गांव की हवा मे प्रदूषण का पैठ हो गया है बडे पैमाने पर कृषि भूमि के बिक्री के बाद वहां हरियाली की जगह धुंआ उगलते उद्यौगो का फैलाव होने से भाटापारा का वायु प्रदूषण निर्धारित मानक से अधिक हो गया है लोग स्वच्छ हवा व वातावरण के अभाव मे धुल धुंआ के बीच जिंदगी बसर कर रहे है स्वयं सरकारी सूत्रो का कहना है कि रायपुर बिलासपुर कोरबा के बाद सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र की श्रेणी मे भाटापारा शामिल है जहां 450 से अधिक विभिन्न किस्म के औद्योगिक संस्थानो के जहर उगलते धुंओ से शहर व आस पास के दर्जन भर से अधिक गांव मे वायु प्रदूषण की घनघोर चपेट से जूझ रहे है वायु प्रदूषण के साथ साथ क्षेत्र मे बहने वाली शिवनाथ नदी का जल भी बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है शहर से चार किलोमीटर दूर उत्तर दिशा मे टोहडी घाट के पास शिवनाथ नदी मे नये बने शहर के निजी कालोनियों का दूषित जल नालों के माध्यम से सीधा नदी मे गिर रहा है जिससे वर्तमान मे शिवनाथ नदी का जल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है इसी प्रकार के हालात सेमरिया घाट के पास भी है अनेक ईंट भटठो के कारण भी नांदघाट से लेकर सेमरिया घाट तक शिवनाथ नदी का जल प्रदूषण के दायरे मे आकर प्रदूषित जल से अपनी पुरानी वैभव को खोते जा रहा है शासन की ओर से बनाये गये नियमो का पालन भाटापारा क्षेत्र मे प्रशासनिक अधिकारी नहीं करा पा रहे है फलस्वरूप लगातार स्थापित हो रहे उद्यौगो के आस पास डेढ से दो किलोमीटर की परिधी मे हरियाली लगाने के काम पर अमल उद्यौग संचालक नहीं कर रहे है जिससे एक ओर जहां शहर व क्षेत्र मे प्रदूषण का स्तर बढ रहा है वहीं वायु एवं जल प्रदूषण के कारण हजारो लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है फलस्वरूप अनेक लोग स्वास्थ्यगत बिमारियों मे घिरकर हास्पिटल के चक्कर लगाने मजबूर है। भाटापारा के ज्यादातर मरीज एम्स रायपुर के अलावा नागपुर, हैदराबाद व अन्य महानगरों की ओर विभिन्न बिमारियो का ईलाज कर रहे है जो कि चिंतनीय विषय है।



**लोग स्वच्छ हवा व वातावरण के अभाव में धुल धुंआ के बीच जिंदगी बसर कर रहे हैं**

# भाटापारा पालिका प्रशासन में अव्यवस्था का घनघोर माहौल

### विद्युत विभाग का पांच करोड़ रूपये बकाया, देने मे छूट रहा है पसीना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका परिषद इन दिनो अपनी प्रशासनिक कमजोरी व अव्यवस्था के कारण सुर्खियों मे है पालिका मे जिम्मेदार अधिकारी व राजनेता शहर विकास के लिये कदापि चिंतित नहीं है। एक लंबे समय से पालिका प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग का बिल अदा नहीं किये जाने के कारण पालिका का विद्युत बकाया सुरसा की मुंह की तरह बढते जा रहा है वर्तमान मे समाप्त हो रहे वित्तीय वर्ष के दौरान विद्युत विभाग को पालिका प्रशासन से लगभग 5 करोड़ रूपये का विद्युत बिल वसूल करना है पालिका प्रशासन के अंतर्गत पालिका कार्यालय के साथ साथ टोहडी घाट स्थित शिवनाथ नदी इंटकवेल से शहर तक जलापूर्ति करने के लिये विद्युत उर्जा खपत राशि तथा शहर के 31 वार्डो मे स्ट्रीट लाईट के उपयोग के अलावा शहर मे मनमाने तौर पर जगह जगह लगाये गये बोरवेल व सबमर्सिबल पंप के जरिये पानी सप्लाई का विद्युत बिल कुल मिलाकर पांच करोड़ रूपये से उपर जा पहुंचा है। उक्त पांच करोड़ की राशि नगर पालिका प्रशासन को विद्युत विभाग मे अदा करने के लिये पसीने छूट रहे है इस संबंध मे पालिका मे बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे है जिसके कारण विद्युत बकाया राशि लगातार बढते जा रहा है कुछ वर्ष पूर्व विद्युत विभाग मे बैठे तेज तर्रार अधिकारियों ने बकाया वसूली के लिये पालिका का विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया था उस वक्त राज्य शासन की ओर से कुछ राशि पालिका को प्रदान कर मध्यस्थता करते हुये विद्युत प्रदाय प्रारंभ कराया गया था लेकिन एक लंबे अंतराल के बाद अब विद्युत बकाया पांच करोड़ रूपये से उपर पहुंच गया है चूंकि मामला जन सामान्य से जुड़ा है इसलिये शहर मे अंधेरा न हो साथ हीं जल प्रदाय ठप्प न हो इस नाते विद्युत विभाग कठोर कदम नहीं उठा पा रहा है जिसके कारण विद्युत विभाग को अभी भी भाटापारा पालिका से पांच करोड़ रूपये विद्युत शुल्क के रूप मे लेना बांकी है बताया जाता है कि शासन द्वारा समय समय पर पालिका को राशि मुहैया कराने पर कभी 70 लाख तो कभी 80 लाख रूपये की राशि विद्युत विभाग मे जमा कर पालिका अपना पिंड छुडाने का कार्य करते रहीं है जबकि भाटापारा पालिका मे यदि आईएएस स्तर का प्रशासनिक अधिकारी बैठे तो भाटापारा पालिका रिकार्ड राजस्व की प्राप्ति कर सकता है खासकर विभिन्न प्रकार के टैक्स के अलावा जगह जगह बिना अनुमति के बनाये गये शॉपिंग काम्पलेक्स व बहुमंजिला मकान दुकान से हीं पालिका को भारी भरकम राजस्व मिल सकता है लेकिन इच्छा शक्ति के अभाव मे पालिका क्षेत्र मे एक सामान्य आदमी भी उतना टैक्स दे रहा है जितना की एक बहुमंजिला इमारत व भारी भरकम शॉपिंग काम्पलेक्स का मालिक अदा कर रहा है कुल मिलाकर पालिका प्रशासन मे घनघोर अव्यवस्था के चलते शहर का विकास जहां ठप्प पड़ गया है वहीं कभी भी नगर मे अंधेरा छाने एवं जल प्रदाय ठप्प होने का खतरा भी मंडराने लगा है।




**विद्युत विभाग को पालिका प्रशासन से लगभग 5 करोड़ रूपये का विद्युत बिल वसूल करना है**

# साजा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को पचास हजार वोटों की बढ़त दिलाने लिया संकल्प

विशेष प्रतिनिधि

**थानखम्हरिया। भाजपा थानखम्हरिया मण्डल की संगठनात्मक बैठक 28 मार्च को स्थानीय सेठ रामचंद सागरमल अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुयी। सांसद विजय बघेल तथा विधायक ईश्वर साहू की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं ने साजा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को पचास हजार वोटों की बढ़त दिलाने का संकल्प लिया।**





थानखम्हरिया मण्डल के अनेक गॉवों से आये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार राष्ट्रोन्मुखी सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर हम सबको जुट जाना है। चार सौ पार का मिशन तब पूर्ण होगा जब प्रत्येक बूथ में हमारा वोट प्रतिशत बढ़ेगा। श्री बघेल ने कहा आपने पिछले लोकसभा चुनाव में मुझे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के रहते भी सर्वाधिक मतों से विजयी बनाया। आपकी दी ताकत के बलबूते जनता के साथ मिलकर पॉच वर्षों तक संघर्ष किया और भ्रष्टाचारी सरकार को हमने उखाड़ फेका। आपके सहयोग तथा जनसमर्थन से राज्य में विष्णुदेव सरकार बनी और अब मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था देने वाली सरकार बनानी है। श्री बघेल ने कहा मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, दस वर्ष की उपलब्धियों, कोरोना महामारी के चुनौतिपूर्ण समय में साहस भरा काम करते हुये लाखों लोगों की जान बचाने के कार्यों को जन – जन तक पहुॅचाना है।

**लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा**

विधायक ईश्वर साहू ने राज्य सरकार द्वारा तीन वर्षों में किये गये विकास कार्यों का खाका रख कार्यकर्ताओं को पुनः जनता के बीच जाने का आग्रह किया।

बैठक को गोवेन्द्र पटेल, अनिल सिंघानिया, पुन्नी तोरन यादव, राजेश ठाकुर, बसंत साहू, चंद्रशेखर राजपूत, दौलतनाथ योगी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यकर्ताओं ने साजा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को पचास हजार वोटों की बढ़त दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में अंजना राजेश ठाकुर, लोकनाथ पटेल, सुरेश सिंघानिया, पूरन कश्यप, संजय पटेल, राजेश राजपूत, नमिता सिन्हा, विजय शर्मा, संपत तिवारी, संतोष तेली, मनीष सेन, रेखा शर्मा, शिवानी यादव, रोहित सिंह राजपूत, शैलेंद्र शर्मा, चेतन निर्मलकर, पूरन सिंह परिहार, दीपक बंसल, भागवत सिन्हा आदि उपस्थित थे। भाजपा कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया।



# कर्मवीर धुरंधर युवाओं का प्रेरणास्रोत- शिक्षक संघ

विशेष प्रतिनिधि

**राजिम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय एवं संभागीय संगठन मंत्री सहित संघ के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके प्रदेश के प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक तथा शिक्षाविद टेसूलाल धुरंधर के सुपुत्र कर्मवीर धुरंधर (गौरव)का देश के उच्च शिक्षा हेतु लब्धप्रतिष्ठत संस्थान दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास)के पद पर नियुक्ति हुई है ।**



बाल्यकाल से मेधावी छात्र रहे कर्मवीर धुरंधर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ स्थित मोक्ष आईएएस कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करवाकर पिछले दो वर्षों से जरूरतमंद प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मार्गदर्शन करते हुए सफल संचालन कर रहे थे इसी दौरान एक ही बार में नेट इक्जाम क्लीयर कर दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु एप्लाई किया और चयनित हो गए उनका पूरा परिवार शुरू से संघ व शिक्षा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,इस नियुक्ति से शिक्षक संघ सहित विचार परिवार के सभी संगठनों में हर्ष व्याप्त है,छ ग शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिंह,प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा,संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा,रायपुर जिला के अध्यक्ष सुनील नायक, बलौदाबाजार अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, गरियाबंद अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, पूर्व प्रांताध्यक्ष दानी राम वर्मा, सुधीर गौतम, पी आर वोहरा,हरिराम जायसवाल,दिलीप केसरवानी, अनूपनाथ योगी,उमेश भारतीय, वेदनाथ चंद्राकर,आर एस चौहान,निर्मल रिछारिया,रूपेंद्र कुमार



साहू सहित संघ के पालक प्रतिनिधि डां टोपलाल वर्मा व गोपाल यादव आदि पदाधिकारियों ने कर्मवीर को छत्तीसगढ़ की युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# 'दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 8 रेल अधिकारियों एवं 61 रेल कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया'

## हर मापदंड पर बेहतर कार्य के लिए बिलासपुर एवं नागपुर रेल मण्डल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया

बिलासपुर । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) का आयोजन आज दिनांक 28 मार्च, 2024 को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में अपरान्ह 02 बजे से किया गया । परम्परा एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आलोक कुमार उपस्थित थे ।




इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा डा. श्रीमती वनिता जैन भी उपस्थित थी । कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे । साथ ही यूट्यूब लाइव के माध्यम से रेलकर्मियों के परिवारजन व नागरिक भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े रहे ।

भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी । इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कषॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है । रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है ।

इसी कड़ी आज आयोजित प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) समारोह में सर्वप्रथम परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि श्री आलोक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया गया । इसके पश्चात उप महाप्रबंधक (सा.) श्री समीर कान्त माथुर के द्वारा सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत करते हुए भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह की बधाई देते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया ।

देश की आर्थिक उन्नति, सामाजिक विकास तथा राष्ट्रीय एकता को बनाएं रखने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमनें 215 मिलियन टन माल लदान किया था । वर्तमान में अब तक हमनें 230 मिलियन टन की लोडिंग कर ली है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से इस वर्ष हम लोग रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गए लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे । इसका सारा श्रेय आप सभी रेल कर्मवीरों को जाता है ।मैं इस अवसर पर आप सभी के परिवारजनों को भी हार्दिक बधाई देना चाहूंगाजिनके सहयोग व प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था । अपने 47 हजार से अधिक कर्मवीरों के कल्याण हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर प्रयत्नशील है । इस वित्तीय वर्ष में 2500 नये कर्मवीरों की नियुक्ति की गई.6 हजार से अधिक कर्मियों का पदोन्नत किया गया। E&cellence in Technical/ Professional Education के लिए रेल कर्मियों के 775 Eligible Wards को 1 करोड़ 38 लाख से अधिक की राशि की सहायता दी गई । रेलवे की सभी कॉलोनी में ओपन जिम एवं बच्चों के झूलों के लिए 1 करोड़ 75 लाख की राशि आवंटित की गई है ।

इस वर्ष सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर के पैथोलॉजी लेबोटरी को National Accreditation Board For Testing and Calibration Laboratories से मान्यता मिली है । हॉस्पिटल में Admit मरीजों को Cross Infections से बचाव के लिए Colour Coded Linen System लागू किया गया है । Central Hospital में Fully AutomatedModular OT की व्यवस्था की गई है ।

हमारे यात्रियों तथा ग्राहको की अपेक्षाएं हमसे दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके लिए हमें पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्य को और भी बेहतर करना होगा ।साथ ही हमें अपने कार्यों में किसी तरह का शॉर्ट कट न अपनाकर संरक्षा का पूरा ध्यान रखना है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करा है । आज के इस समारोह में कुछ चुने हुए रेल कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया जाएगा । मैं आशा करता हूँ कि यह समारोह सभी को और भी अधिक मेहनत, कुशलता तथा समर्पण के साथ कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित करेगा । आज के अवसर पर मैं यूनियन व एसोशिएशनोंको उनके सकारात्मक सुझावों व सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ । महिला कल्याण संगठन ने हमेशा ही महिला रेलकर्मी, अशक्त बच्चों एवं मरीजों के कल्याण हेतु अपनी सहभागिता निभाई है । मैं उन्हें भी धन्यवाद देता हूँ । साथ ही मीडिया के सदस्यो का भी विशेष धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से हमें अपने कार्यो को और भी बेहतर बनाने में मदद मिलती है ।

महाप्रबंधक के सम्बोधन के पश्चात इस समारोह में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 08 अधिकारी एवं 61 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी रेल मंडलो एवं विभागो को शील्ड वितरण किया गया । इसके तहत उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीनों रेल मंडलों के विभिन्न विभागों के मध्य 52 उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गयीं । साथ ही हर मापदंड पर बेहतर कार्य करने के लिए तीनों मंडलों में से बिलासपुर एवं नागपुर रेल मंडल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया है । पुरस्कार वितरण के पश्चात् मुख्य जन संपर्क अधिकारी श्री साकेत रंजन के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।









'हेड ऑन जनरेशन(एचओजी) प्रणाली से इस वर्ष 40 लाख लीटर सेअधिक डीजल की बचत'

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन की बचत की ओर अग्रसर

## 'डीजल जनरेटर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का उन्मूलन कर शांत एवं सुविधाजनक रेल यात्रा'

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में हेड ऑन जनरेशन (एचओजी) प्रणाली की स्थापना से इस वर्ष लगभग 40 लाख लीटर से भी अधिक डीजल की बचत की गई है । अत्याधुनिक 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 22 ट्रेनें हरित यानी ग्रीन ट्रेन हो गई है । अब ये ट्रेनें महंगे डीजल ईंधन को जलाने की बजाय ओवर हेड उपकरण (ओएचई) के माध्यम से सीधे ग्रिड से बिजली ले रही है ।

HOG इंजन से सीधे इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर केबल की शक्ति का उपयोग करके प्रकाश और एयर कंडीशनिंग के लिए कोचों को विद्युत आपूर्ति करने की एक प्रणाली है । एलएचबी आधारित ट्रेनों के कोचों के लिए विद्युत उत्पादन के सबसे आम तरीके को एंड ऑन जेनरेशन (ईओजी) कहा जाता है । प्रत्येक एलएचबी गाड़ियों पर कोचों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए डीजल इंजन ले जाने वाली पावर कार के दो सेट होते थे जिसमें कोच में लाइट और एयर कंडीशनिंग के लिए बिजली की आपूर्ति ट्रेन के दोनों सिरों पर लगाए गए विद्युत कारों में उपलब्ध डीजल जेनरेटर सेट के माध्यम से की जाती है । अब इन सभी 22ट्रेनों में इंजन के माध्यम से ओवर हेड उपकरण (ओएचई) से विद्युत की सप्लाई की जा रही है ।









### ट्रेनों मे HOG प्रणाली के निम्नलिखित लाभ हैं-

'यात्रियों के बैठने के लिए बर्थों की संख्या में वृद्धि' 'दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत एलएचबी आधारित 22 ट्रेनों में हेड ऑन जनरेशन (एचओजी) प्रणाली शुरू'

- ☛ डीजल की नगण्य खपत के परिणाम स्वरूप करोड़ो रुपये से भी अधिक मूल्य की डीजल की वार्षिक बचत ।
- ☛ डीजल जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विद्युत परिवहन व्यवस्था की ओर अग्रसर ।
- ☛ ट्रेनों में उच्च क्षमता वाले डीजल जनरेटर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का उन्मूलन कर इस प्रकार यात्रियों की सुविधा में वृद्धि करता है।
- ☛ बैठने की क्षमता में वृद्धि, रेलवे ने छोटे इंजन वाले नए प्रकार की पावर कारों का निर्माण शुरू कर दिया है (डीजल की न्यूनतम खपत के कारण संभव) इसमे जो स्थान पहले भारी इंजनों के लिए आरक्षित था वह सामान्य वर्ग के बैठने के लिए उपयोग, इस प्रकार ट्रेनों में यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता में वृद्धि ।
- ☛ डीजल जनरेटर से तेल और जनरेटर के अन्य खतरनाक ज्वलनशील उपकरणों को पृथक करने के कारण आग के खतरों मे कमी ।
- ☛ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में शुरू की गई HOG प्रणाली के उपर्युक्त लाभों को ध्यान में रखते हुए, भारत में स्वच्छ, शांत और सुविधाजनक रेल परिवहन के लिए एक सराहनीय पहल है ।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) प्रणाली आधारित ट्रेनें:-

(1) बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस (2) बिलासपुर-पुणे, एक्सप्रेस (3) बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, (4) बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, (5) बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस (6) बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (7) C.G. सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, (8) दुर्ग-निज़ामुद्दीन, हमसफ़र एक्सप्रेस, (9) दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस (10) दुर्ग-फिरोजपुर अंत्योदय एक्सप्रेस (11) कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस (12) दुर्ग -नौतनवा एक्सप्रेस (13) दुर्ग -कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस (14) दुर्ग - नौतनवा (15) दुर्ग - अजमेर एक्सप्रेस (16) कोरबा-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (17) दुर्ग-जयपुर, एक्सप्रेस (18) दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस एवं (19) दुर्ग-भोपाल,अमरकंटक एक्सप्रेस (20) रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी एक्सप्रेस (21) बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी, इंटरसिटी एक्सप्रेस और(22) कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी, शिवनाथ एक्सप्रेस शामिल है ।

# केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन शुरू

**रायपुर।** केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो गई है, जो 15 अप्रैल तक चलेगी। कक्षा एक के लिए आनलाइन आवेदन किए जाएंगे। कक्षा दो से 12वीं तक (11वीं को छोड़कर) प्रवेश के लिए आफलाइन आवेदन करना होगा। प्रदेश में कुल 37 केंद्रीय विद्यालय है। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिलते हैं। रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय है, सबसे ज्यादा सीटें डब्ल्यूआरएस स्थित केवी-1 में हैं। यहां दो पाली में स्कूल लगता है, दोनों पाली में 160-160 सीट यानी 320 सीटों में छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा में 160 सीटें है। केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी kvsonlineadmission.kvs.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।




# फिल्म मेरी मां कर्मा को टैक्स फ्री करने की आवाज उठाई विधायक इन्द्र साव ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन को एक ज्ञापन सौंपकर नवनिर्मित फिल्म मेरी मां कर्मा को टैक्स फ्री करने की मांग की है साव ने अपने ज्ञापन मे आगे कहा है कि आगामी पांच अप्रेल से सिनेमा घरों मे प्रदर्शित होने जा रहे मेरी मां कर्मा चूंकि साहू समाज की आराध्य देवी है जिनके जीवन चरित्र पर उक्त धार्मिक फिल्म का निर्माण किया गया है मां कर्मा की आस्था बहुंतायत लोग करते है उस लिहाज से उक्त फिल्म को जनहित मे टैक्स फ्री किया जाना जरूरी हो गया है इंन्द्र साव ने राज्यपाल के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मेरी मां कर्मा फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है।



# वेदांता बालको ने हासिल किया एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट

## भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक बालको यह सर्टिफिकेट पाने वाली देश की पहली कंपनी है



**नई दिल्ली** । वेदांता एल्युमिनियम की इकाई भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित अपने संयंत्र में प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई के लिए एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन हासिल किया है। बालको संयंत्र में मॉल्टन एल्युमिनियम (गर्म धातु) उत्पादन हेतु स्मेल्टर के दो पॉटलाइंस तथा एल्युमिनियम को आकार देने के लिए तीन कास्टहाउस और रोल्ड प्रोडक्ट एवं पावर जेनरेशन प्लांट शामिल हैं। ये सब मिलकर बालको की सालाना 5,75,000 टन एल्युमिनियम उत्पादन क्षमता को मुमकिन बनाते हैं।

बालको में एल्युमिनियम वायर रॉड, इंगॉट, प्राइमरी फाउंड्री अलॉय और रोल्ड प्रोडक्ट के साथ ही भारत की पहली 'लो कार्बन' एल्युमिनियम रेंज रिस्टोरा का उत्पादन होता है। इन उत्पादों का इस्तेमाल ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, इंसुलेशन, विद्युत परियोजनाओं तथा बिजली का सामान और पैकेजिंग जैसे विभिन्न उद्योगों में होता है। एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली बालको पहली भारतीय कंपनी बन गई है। इससे पहले वेदांता एल्युमिनियम झारसुगुडा, ओडिशा स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर स्थित अपने स्मेल्टर व कैप्टिव पावर प्लांट के लिए एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी2 सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।

एएसआई सर्टिफिकेशन कार्यक्रम को विभिन्न पहलुओं की गहन परामर्श प्रक्रिया के जरिए विकसित किया गया है तथा वैश्विक एल्युमिनियम मूल्य श्रृंखला के लिए यह एकमात्र व्यापक स्वैच्छिक सस्टेनेबिलिटी मानक पहल है। एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 (2022) को एक से ज्यादा वर्षों की संशोधन प्रक्रिया के पश्चात् मई 2022 में लांच किया गया। पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) इन तीन स्तंभों के तहत यह 11 सिद्धांतों एवं 62 कसौटियों को परिभाषित करता है। इसका लक्ष्य है एल्युमिनियम मूल्य श्रृंखला में सस्टेनेबिलिटी संबंधी लक्ष्यों को हासिल करना जैसे जैव विविधता, मूलनिवासियों के अधिकार, सर्कुलेरिटी व ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन। भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) का स्वतंत्र थर्ड पार्टी ऑडिट सेटिज़ियोन वेरिफिका द्वारा किया गया।

वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ श्री जॉन स्लेवन ने कहा कि एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन प्राप्त कर एएसआई के सदस्यता होने पर हम बालको का स्वागत करते हैं। इस सर्टिफिकेशन में हमारे 'लो कार्बन ग्रीन' एल्युमिनियम रिस्टोरा और रिस्टोरा अल्ट्रा ब्रांड का उत्पादन शामिल है। भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक के तौर पर बालको एल्युमिनियम वैल्यू चैन के प्रत्येक कदम में सस्टेनेबल प्रक्रियाओं के अमल में अग्रणी रही है और वैश्विक उद्योग में स्वयं को एक बेंचमार्क के रूप में स्थापित किया है। यह सर्टिफिकेशन दायित्वपूर्ण उत्पादन विधियों के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे हमारी टीम को एक सस्टेनेबल दुनिया के निर्माण हेतु एल्युमिनियम की असीम संभावनाओं का उपयोग करने के और नए तरीके तलाशने की प्रेरणा मिलेगी।

एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव की सीईओ डॉ फियोना सोलोमन ने कहा कि हम भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) को उसकी छत्तीसगढ़ स्थित इंटिग्रेटिड एल्युमिनियम उत्पादन सुविधाओं के लिए परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 (2022) सर्टिफिकेशन हासिल करने पर बधाई देते हैं। भारत की एल्यूमिनिमय उत्पादक एवं वेदांता लिमिटेड - एल्युमिनियम बिज़नेस का हिस्सा होने के नाते बालको वैश्विक एल्युमिनियम उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सर्टिफिकेशन बालको के सस्टेनेबिलिटी सफर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। कंपनी उन विधियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) की कसौटियों पर खरी उतर सकें।

बालको वेदांता एल्युमिनियम की ईकाई है। वेदांता ने 2050 तक नैट ज़ीरो हासिल करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके लिए कंपनी ने उत्सर्जन घटाने की स्पष्ट समय सीमा तय की है, कार्बन कटौती की अत्याधुनिक तकनीक तैनात की हैं, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग बढ़ाया है तथा स्थानीय समुदायों के बीच जाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जमीनी स्तर पर सहयोग किया जा रहा है। पारिस्थितिक जरूरतों और कारोबारी आवश्यकताओं के बीच संतुलन कायम करते हुए कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 तक ग्रीन हाउस गैसों की प्रचंडता में 28 प्रतिशत की प्रभावशाली कटौती करने में कामयाबी पाई है; साथ ही इस दौरान उत्पादन में तीन गुना इजाफा भी दर्ज किया गया है।

वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्युमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 23 में 22.9 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्युमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्युमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है जिनका उपयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्युमिनियम को एल्युमिनियम उद्योग में एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असैसमेंट 2023 में पहली वैश्विक रैंकिंग मिली है, यह उपलब्धि कंपनी की सस्टेनेबल विकास प्रक्रियाओं को प्रतिबिम्बित करती है। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमिनियम स्मेल्टर्स और एल्यूमिना रिफाइनरी के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्युमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन में लगातार आगे बढ़ रही है।

# युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को बृजमोहन अग्रवाल ने सिखाया बूथ मैनेजेंट



**रायपुर।** सही सरकार का चुनाव देश को प्रगति के पथ पर ले जा सकता है। एक सकारात्मक और सुशासनशील सरकार ही देश को विकास, समृद्धि, और सामरिक तरीके से मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। कभी-कभी जानकारी के अभाव में मतदाता गलत उम्मीदवार का चयन करते हैं कर लेते हैं जिसका खामियाजा केवल उनके क्षेत्र को ही नहीं बल्कि पूरे राज्य और देश को भी भुगतना पड़ता है। यह कहना है छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री बृजभान अग्रवाल का जो बुधवार को रायपुर उत्तर विधानसभा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे।

इन बैठकों का आयोजन तेलीबांधा मंडल, शंकर नगर मंडल, फाफाडीह मंडल, जवाहर नगर मंडल में किया गया था। जिसमे युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिनको संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि,किसी भी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता से किया गए वादों को पूरा करने के साथ ही बूथ मैनेजेंट और पार्टी की नीतियों के प्रचार की अहम भूमिका होती है। चुनाव हो या युद्ध किसी को भी जीतने के लिए एक सही रणनीति की बहुत आवश्यकता होती है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी होती है कि उस रणनीति को जमीनी स्तर पर लागू करें। देश के इतिहास में पहली बार हुआ है जब भाजपा सरकार ने किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है। किसानों को पहली बार 20000 रुपए की अंतर राशि किसानों के खाते में आई है। कोई भी भूखा न रहे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय गरीबों को 35 किलो मुफ्त राशन दे रहे। साथ ही 18 लाख परिवार के



लिए पक्का मकान और हर घर नल से जल दिया जा रहा है। लेकिन सूचना के अभाव में हितग्राहियों को यह पता नही चल पात की कौन सी सरकार यह सब काम कर रही है।

# देवी मां के 5 प्रसिद्ध मंदिर जहां दर्शन मात्र से पूरी होती है मनोकामना

**वैसे तो भारत में तमाम प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर हैं। वहीं 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में आप भी मां दुर्गा के इन प्रसिद्ध मंदिरो में दर्शन के लिए जा सकते हैं। देखा जाए तो ज्यादातर मंदिर पहाड़ों पर बसे हुए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा फेमस मंदिर माता वैष्णो देवी कटरा को माना जाता है। हांलाकि देवी मां के दर्शन करने के लिए किसी दिन विशेष की जरूरत नहीं होती है। इसके लिए बस श्रद्धा चाहिए।**



यदि आप भी मां दुर्गा के फेमस मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देवी मां के 5 फेमस मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर दर्शन मात्र से हर भक्त की मनोकामना पूरी हो जाती है।

## कामाख्या मंदिर

भारत के गुवाहाटी में स्थित कामाख्य देवी मंदिर को प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस मंदिर की गुफा में एक योनि की मूर्ति है, जिसे बेहद पवित्र माना जाता है। हर साल दूर-दूर से भक्त मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। वहीं नवरात्रि का पर्व यहां पर जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

## माता वैष्णो देवी मंदिर (जम्मू-कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर के कटरा जिले में मां वैष्णों देवी का मंदिर है। साल भर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। माता वैष्णों देवी का मंदिर 108 शक्तिपीठों में से एक है। बता दें कि माता वैष्णो देवी को मां दुर्गा का रूप माना जाता है। मां वैष्णो देवी मंदिर की पवित्र गुफा के भीतर निवास करती हैं। कटरा से 13 किमी चढ़ाई करने के बाद वैष्णो धाम पहुंचते हैं।

## महाकाली देवी मंदिर (उज्जैन)

मध्य प्रदेश के शिप्रा नदी के किनारे प्राचीन शहर उज्जैन में एक छोटी सी पहाड़ी पर महाकाली देवी का मंदिर बना है। हिंदू पौराणिक कथा के मुताबिक जब श्रीविष्णु ने मां सती के मृत देह पर सुदर्शन चक्र चलाया था, तो देवी सती का ऊपरी होंठ उस जगह गिरा था, जहां पर वर्तमान समय में यह मंदिर बना है। इस मंदिर में महालक्ष्मी, ग्रह कालिका और देवी सरस्वती की पूजा की जाती है।

## कालीघाट मंदिर कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

नवरात्रि के दौरान कोलकाता के मंदिरों में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता के मुताबिक कोलकाता के कालीघाट मंदिर में मां सती के दाहिने पैर का अंगूठा गिरा था। बताया जाता है कि यह मंदिर करीब 2000 साल से भी अधिक पुराना है। नवरात्रि के मौके पर यहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर आदि गंगा नामक एक छोटे से जल निकाय के तट पर बना है।

## चामुंडेश्वरी मंदिर मैसूर (कर्नाटक)

चामुंडेश्वरी मंदिर मैसूर में चामुंडी पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है। बताया जाता है कि यहां पर मां सती के बाल गिरे थे। जिसके बाद होयसल शासकों ने 12वीं शताब्दी में देवी के नाम पर एक मंदिर बनवाया। इस मंदिर में दर्शन करने के दौरान इसकी भव्य वास्तुकला का आनंद जरूर लें।

# नवरात्रि के 9 दिनों में लगाएं भोग, मां दुर्गा देंगी सुख-समृद्धि का वरदान

हर साल 4 बार नवरात्रि का व्रत रखा जाता है। जिसमें 2 गुप्त नवरात्रि, चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि शामिल है। पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र माह की नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से होने जा रही है। इस साल नवरात्रि के पहले दिन सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं।



चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के भक्त माता रानी को प्रसन्न करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। नौ दिनों तक व्रत रखते हैं। मां भगवती की विधिवत पूजा उपासना करते हैं और उनसे सुखी जीवन की कामना करते हैं। ऐसे में नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के पूजा के साथ उन्हें 9 दिनों तक विशेष चीजों का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और धन, सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती है। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि 2024 का शुभ मुहूर्त और भोग...

## चैत्र नवरात्रि शुभ मुहूर्त

= पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 8 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट पर होगा और अगले दिन 9 अप्रैल को रात 8 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए उदयातिथि के अनुसार, 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि का आरंभ होगा और 13 अप्रैल को समाप्त होगा।

## नवरात्रि के 9 दिनों के लिए भोग

चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि(9 अप्रैल) - नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इस दिन माता रानी को घी से बनी मिठाई का भोग लगाएं।

चैत्र नवरात्रि द्वितीया तिथि(10 अप्रैल)- नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्माचारिणी स्वरूप की विधिवत पूजा करें और उन्हें पंचामृत का भोग लगाएं।

*चैत्र नवरात्रि तृतीया तिथि(11 अप्रैल )- नवरात्रि के दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा को दूध से बनी मिठाई का भोग लगाएं।*

*चैत्र नवरात्रि चतुर्थी तिथि(12 अप्रैल )- नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है और उन्हें मालपुए का भोग लगाना शुभ माना जाता है।*

*चैत्र नवरात्रि पंचमी तिथि(13 अप्रैल ) - नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता को चीनी या केले का भोग लगाएं।*

*चैत्र नवरात्रि षष्ठी तिथि (14 अप्रैल ) - नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी को मीठे पान का भोग लगाएं।*

*चैत्र नवरात्रि सप्तमी तिथि(15 अप्रैल ) - नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्री की विधि-विधान से पूजा करें और उन्हें गुड़ से बनी मिठाई का भोग लगाएं।*

*चैत्र नवरात्रि अष्टमी तिथि (16 अप्रैल ) - आठवें दिन मां महागौरी को नारियल का भोग लगाएं।*

*चैत्र नवरात्रि नवमी तिथि (17 अप्रैल ) - नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा करें और उन्हें खीर, पूड़ी और हलवे का भोग लगाएं।*

## बालको ने समुदाय के साथ धूमधाम से मनाया उन्नति उत्सव

# प्रेरणादायक लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया

## स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल को निखारने का अवसर दिया

बालकोनगर। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का तीसरा वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## समुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए एक नई मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) लॉन्च

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए स्थानीय नृत्य कर्मा और राउत का प्रदर्शन किया। सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने महिला सशक्तिकरण, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यमिता और लड़कियों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करने वाले नाटकों और प्रदर्शनों का मंचन किया।

प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे।

'उन्नति' बालको की प्रमुख सामुदायिक विकास परियोजना है जो महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को सशक्त बनाने और संगठित करने तथा उद्यमिता एवं स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल का सम्मान करते हुए उन्हें निखारने पर केंद्रित है। बालको ने प्रोजेक्ट उन्नति के तहत गोंकरा लोक कला (छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला), छत्तीसा (स्थानीय व्यंजन), मिट्टी की मूर्तियाँ, भित्ति कला, मशरूम की खेती, पेपर बैग सहित 12 उत्पादों की पेशकश करने वाली 7 सूक्ष्म उद्यम इकाइयाँ स्थापित की हैं। सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रैटेजीज़ एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी में चल रही इस परियोजना ने बालको के आसपास के समुदाय में 5700 से अधिक महिलाओं को प्रभावित किया है।

उन्नति परियोजना और आयोजना की सराहना करते हुए, बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको समुदाय की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, बाजार से जुड़ाव प्रदान करके उनकी आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण की यात्रा में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से हमारा लक्ष्य महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे वे समाज के भीतर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर सकें और अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की उत्तरोत्तर प्रगति में योगदान कर सकें।

बालको ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और स्थायी आजीविका पर बालको की विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के तहत सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए समुदाय के 16 लोगों को सम्मानित भी किया। समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने जैसे माहवारी संबंधित मिथकों को दूर करने से लेकर व्यक्तियों को स्थायी आजीविका, आवश्यक कौशल और मुफ्त में प्राथमिक शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के उनके प्रेरक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। कंपनी ने समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के दौरान मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) पहल के तहत दूसरा वैन भी लॉन्च की। 'उपचार आपके द्वार' थीम पर हर 15 दिनों में स्वास्थ्य शिविर और परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है।

कोरबा जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी (सीएचएमओ) श्री एस.एन. केसरी ने एमएचवी के लॉन्च की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार है। नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बालको द्वारा लॉन्च की गई दूसरी मोबाइल हेल्थ वैन से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं में मदद मिलेगी।

बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 4 जिलों कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर सहित 123 गांवों में सालाना 1.5 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है। बालको सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्थायी आजीविका, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, खेल और सांस्कृति संरक्षण के साथ सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। सामुदायिक संपत्ति सृजन जैसे वन तालाब कुआं आदि सामुदायिक विकास परियोजनाओं में शामिल है।






# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में रेकॉर्ड 236 मिलियन लदान एवं 29000 से अधिक करोड़ रुपये का सकल अर्जन किया गया

## 'भारतीय रेलवे में दूसरे स्थान पर रहा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने किया पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 10 अधिक लदान'






**'राजस्व अर्जन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रथम स्थान'**

**बिलासपुर।** हर वर्ष माल लदान और सकल अर्जन के क्षेत्र में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक माल लदान एवं सकल अर्जन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 236.02 मिलियन टन माल लदान किया गया है,जो कि पिछले वित्तीय वर्ष स लगभग 21.4 मिलियन टन अधिक है । प्रतिशत में यह वृद्धि 10त्न की रही है । पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23के दौरान 214मिलियन टन माल लदान का किया गया था । इसी प्रकार 29490 करोड़ रुपये का आरंभिक राजस्व अर्जित किया,जो कि पूरे भारतीय रेलवे में सर्वाधिक है । इसके साथ ही आधारभूत संरचना एवं यात्री सुविधाओं में बेहतर कार्य किए गए ।

# छत्तीसगढ़ महतारी को नोचने प्राइवेट लिमिटेड बना रखे थे भूपेश बघेल- मधुसूदन यादव

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कांग्रेस को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अस्मिता, त्यौहार, भाषा और सीधे सरल वासियों की भावनाओं का लाभ उठाकर छत्तीसगढ़ महतारी को नोचने का उदाहरण देश के इतिहास में नहीं मिलेगा । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महतारी को ऐसा लूट और शोषण किया है जो अंग्रेज भी भारत माता के साथ नहीं कर पाए । कितना भी बड़ा अपराधी षड्यंत्रकारी और लुटेरा भी नहीं सोच सकता कि प्रतिदिन 25 रुपए कोयले में रंगदारी वसूल की जा सकती है। छत्तीसगढ़ से यदि प्रतिदिन 10 मालगाड़ी भी कोयले से भरकर निकले तो 12 लाख प्रतिदिन की रंगदारी चकित करने वाली है । छत्तीसगढ़ प्रदेश शराब के दो काउंटर सहित गली-गली और पान ठेले में अन्य राज्यों की बिकने वाली शराब की प्रतिदिन की कमाई का हिसाब लगाने के लिए सुपर कंप्यूटर की जरूरत पड़ेगी, इसके बाद सट्टा और खाई वालों से हफ्ता वसूली करना प्रदेश के मुखिया के नाम पर कलंक है, जिस पर गौ माता को भी ठगने से यह नहीं चुके हैं । रोका छेका, गौठान, गोबर खरीदी पैरा परिवहन में घोटाला अविश्वसनीय कृत्य है । ऐसी योजनाएं और षड्यंत्र के लिए आईएएस, राज्य प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी, परिवहन कर्ताओं की बाकायदा फौज लेकर चलने वाले पूर्व मुख्यमंत्री किसी नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं जिनकी बुद्धि बड़े-बड़े वैज्ञानिकों और चाचा चौधरी से भी तेज चलती है। और अब इसी प्रतिभा का प्रदर्शन करने राजनांदगांव आ गए हैं । अपने मुख्यमंत्रित्व काल में चिकित्सा शिक्षा विकास से राजनांदगांव को दूर रखने वाले अपनी ही पार्टी के जन प्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करने वाले भूपेश जी को राजनांदगांव की पवित्र धरा और संस्कारधानी पर पैर रखने से पहले शर्म से पानी पानी हो जाना चाहिए था और अब राजनांदगांव लोकसभा के रहवासी उनके पुराने कर्मों का हिसाब चुकता करने के लिए तैयार बैठी है ।



# गैंदाटोला में हुआ विहिप, बजरंग दल ग्राम कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** हिंदुओ के संरक्षण के उद्देश्य से कार्यरत एकमात्र संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनने एवं युवा पीढ़ी में सेवा सुरक्षा संस्कार का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी ग्रा-ग्राम तक पहुंच समिति निर्माण कर रहे है, जिसमें ग्राम गैंदाटोला में विहिप, बजरंग दल ने अपनी ग्राम समिति घोषित की।



विहीप खंड अध्यक्ष के रूप में भूपेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष कोमल साहू, मंत्री आशीष गुप्ता, सह मंत्री अग्नेश चंद्रवंशी, सत्संग प्रमुख रिपलावन साहू, सत्संग सह प्रमुख प्यारेलाल साहू चुने गए एवं बजरंग दल खंड सयोजक के रूप में गुलशन साहू, सहसंयोजक हेमंत देवांगन, गौ सेवा प्रमुख टेमन मानिकपुरी, विद्यार्थी प्रमुख लेखुदास मानिकपुरी, सुरक्षा प्रमुख धनेश्वर गुप्ता, साप्ताहिक मिलन प्रमुख संजय मानिकपुरी चुने गए। उक्त स्थान पर विहिप पधाधिकारी जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, साहित बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, विहिप नगर मंत्री बाबाजी मेश्राम, मनीष त्रिपाठी उपसस्थित रहे।



# विधायक इन्द्र साव ने सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिंदी फिल्म मेरी माँ कर्मा भक्तों के साथ देखी

## माता कर्मा की 1008 वीं जयंती की महाआरती में सम्मिलित हुए विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। नगर साहू समाज द्वारा माता कर्मा की 1008 वीं जयंती के पावन अवसर पर 05 अप्रैल 2024 को स्थानीय साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास समाजिक भवन में महाआरती कार्यक्रम में भाटापारा विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समामाजिक पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) का वितरण किया गया।**





उक्त कार्यक्रम के बाद विधायक इन्द्र साव के सौजन्य से स्थानीय सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिन्दी फिल्म मेरी माँ कर्मा, साहू समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों के साथ स्वयं विधायक ने भी इस फिल्म को देखा। फिल्म देख कर विधायक ने इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक व अन्य सभी फिल्म में काम करने वाले कलाकारों, गीतकार, संगीतकार आदि व इस फिल्म में योगदान देने वाले सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर आपने कहां कि इस फिल्म को देखने वाली नई पीढ़ी को साहू समाज की इष्ट देवी माता कर्मा को जानने-समझने की सीख मिलेगी साथ ही दर्शकों के बीच भक्ति भाव की अविरलधारा भी प्रवाहित होगी, ऐसा मेरा सोचना है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन व सर्व समाज के भी गणमान्य लोग उपस्थित रहें व सनातनी धार्मिक हिंदी मेरी माँ कर्मा फ़िल्म देखकर माता कर्मा के जीवन पर आधारित फिल्म की प्रशंसा किए।

# लालसोट महिला मंडल रंगपंचमी और गणगौर के गोठ का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। लालसोट महिला मंडल तत्वावधान में होली पर्व रंगपंचमी का उत्साह हर्षोल्लास मनाया गया। सर्वप्रथम मार्गदर्शिका किरण जोशी, संरक्षिका कला शर्मा, अध्यक्षा सुशीला तिवाड़ी, सचिव रिंकी शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया।**



संरक्षिका मोहिनी चौबे, पटाक भाभीजी और आशा सेवाका,उमा सेवाका द्वारा राधाकृष्ण जी पर फूलों की वर्षा की गयी पश्चात् सबने समूह में मिलकर फूलों और गुलाल से होली खेली गयी! आयोजन में मुख्य रूप से सीमा पटाक,आशा पुरोहित,प्रियंका ,रमा -अर्चना सेवाका,ममता मादूका, शैलजा,नीलिमा शर्मा,पलक चौबे, किरण चौबे योगिता शर्मा,संगीता जोशी,रीता चौबे, ज्योति तिवाड़ी, वंदना शर्मा ,पिंकी शर्मा,किरण चौबे, अर्चना शर्मा,आँचल, कविता शर्मा, सुनिता हट्टीका,अरूणा ,मानसी,कविता चौबे रिंकी, अर्चना शर्मा,और सभी कार्यकारिणी सदस्य एवम् समाज सभी बहनें उपस्थित थी। उत्सवप्रिय फागुन मानों वृंदावन में रंगपंचमी का उत्सव मना रहे हों।वैसे भी भाटापारा मिनी वृंदावन कहलाता हैं।

ठंडाई का आनंद लेते हुए कृष्णजी के भजनों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। लालसोट महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती सुशीला तिवाड़ी एवं सभी सहयोगी कार्यकारिणी द्वारा आयोजित कार्यक्रम सफल रहा, आयोजन के अंत में उमा और रिंकी शर्मा ने आभार व्यक्त किया।साथ ही अगला कार्यक्रम गणगौर की गोठ सात अप्रैल को मनाने की घोषणा की।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in